तापमान

अधिकतम 41.0 डिग्री

न्यूनतम 22. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 16 अप्रैल 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती



राशन दुकानों में चावल लेने के लिए मशक्कत कर रहे हैं कार्ड धारी

12




## खबर संक्षेप

### आई.टी.आई. जांजगीर में प्लेसमेंट कैंप आज

**जांजगीर-चांपा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जांजगीर-चांपा द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से गुरुवार 16 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आई.टी.आई. जांजगीर में एक दिवसीय प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि शिविर में निजी क्षेत्र के नियोजक श्रम इन टैलेण्ट प्रा.लि. नोयडा (उ.प्र.) उपस्थित रहेगें। कंपनी द्वारा इलेक्ट्रीक मीटर टेक्निशियन के 300 पद पर भर्ती की जायेगी। उक्त पदों हेतु शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं, आईटीआई, स्नातक एवं डिप्लोमा निर्धारित किया गया है। कंपनी द्वारा वेतनमान 15000-18000 रु. दिया जावेगा। आयु सीमा 18 से 35 वर्ष निर्धारित है एवं चयनित आवेदको का कार्यक्षेत्र जिला जॉजगीर-चापां, बलौदा, अकलतरा, नवागढ़, पामगढ़ रहेगा। प्लेसमेंट कैंप में भाग लेने वाले इच्छुक आवेदक अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के साथ व जिला रोजगार कार्यालय का रोजगार पंजीयन कार्ड की छायाप्रति लाना अनिवार्य है। निर्धारित तिथि को उपस्थित होकर प्लेसमेंट कैंप का लाभ ले सकते है। अधिक जानकारी के लिये जिला रोजगार कार्यालय जॉजगीर चांपा से संपर्क किया जा सकता है।

### लेखा सह एम.आई.एस. सहायक के पद पर भर्ती हेतु कौशल परीक्षा 29 को

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत जिला, जनपद पंचायत के रिक्त पद लेखा सह एम.आई. एस. सहायक का पद संख्या-01 की भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किया था। प्राप्त दावा-आपत्ति का चयन समिति द्वारा जांच उपरांत दावा-आपत्ति निराकरण एवं कौशल परीक्षा हेतु पात्र अभ्यर्थियों को सूची जारी किया गया है। जिसका कौशल परीक्षा 29 अप्रैल दोपहर 12 बजे से ग्रामीण स्व-रोजगार प्रशिक्षण केन्द्र जांजगीर में आयोजित किया गया। उक्त सूची जिला पंचायत-के सूचना-पटल एवं जिला पंचायत के वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

### तार मिस्त्री परीक्षा के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 तक

**जांजगीर-चांपा।** संभागीय अनुज्ञापन समिति (विद्युत) बिलासपुर द्वारा प्रतिवर्षानुसार तार मिस्त्री परीक्षा माह जुलाई 2026 में लिया जाना है। उक्त परीक्षा हेतु आवेदन बिलासपुर, कोरबा, जांजगीर-चांपा, मुंगेली, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही एवं सक्ती जिले के आवेदनकर्ता, फार्म निःशुल्क एवं संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय, कार्यपालन अभियंता (विद्युत सुरक्षा) एवं संभागीय विद्युत निरीक्षक, छत्तीसगढ़ शासन बिलासपुर संभाग बिलासपुर, प्रथम तल यू.डी.एम. हॉस्पिटल बिल्डिंग, होमगार्ड कैम्पस के पास कुदुदंड, बिलासपुर में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर प्राप्त कर सकते हैं। परीक्षा आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल है।

### मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह के लिए आवेदन 20 अप्रैल तक

**जांजगीर-चांपा।** मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना के अंतर्गत मई में राज्य में वृहद कन्या विवाह समारोह का आयोजन कराया जाना प्रस्तावित है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि जिस हेतु कन्या विवाह हेतु जिले के इच्छुक जाड़े से 20 अप्रैल तक आवेदन आवेदन आमंत्रित किया गया है। योजना हेतु पात्रता की शर्तो अनुसार कन्या की आयु 18 वर्ष एवं वर की आयु 21 वर्ष पूर्ण होना अनिवार्य है। एक परिवार की अधिकतम दो बेटियों द्वारा इस योजना का लाभ लिया जा सकता है। योजना का लाभ हेतु आवेदिका का छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना अनिवार्य है। दस्तावेज में आधार कार्ड, निवास प्रमाण-पत्र, बैंक पासबुक, आयु सत्यापन हेतु पांचवी, आठवीं अथवा दसवीं कक्षा के प्रमाणपत्र की छायाप्रति संलग्ल करना अनिवार्य है।





### बढ़ रहा मौत का आंकड़ा, दूसरे दिन मृतकों की संख्या हुई 20

# वेदांता हादसा : आठ बिंदुओं पर होगी मजिस्ट्रियल जांच, माहभर में देंगे रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-डभरा

सक्ती जिले के सिंघीतराई स्थित वेदांता थर्मल पावर प्लांट में हुए हादसे में जहां मृतकों का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है, वहीं मामले की मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए गए है। खास बात यह है कि पूरे घटनाक्रम की मजिस्ट्रिलय जांच 8 बिंदुओं पर होगी, जिसकी रिपोर्ट माहभर के भीतर देनी होगी।

गौरतलब है कि सक्ती जिले के सिंघीतराई वेदांता पावर प्लांट में मंगलवार 14 अप्रैल की दोपहर बायलर का प्रेशर पाइप फट गया। इस घटना में मरने वाले श्रमिकों की संख्या दूसरे दिन 20 तक जा पहुंची। वहीं डेढ़ दर्जन से अधिक घायल हुए है, जिनका उपचार खरसिया, रायगढ़, बिलासपुर और रायपुर अस्पताल में चल रहा है। इधर इस मामले में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अमृत विकास तोपनो ने आदेश जारी करते हुए जांच के प्रमुख 8 बिंदु निर्धारित किए हैं। साथ ही 30 दिन के भीतर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने निर्देशित किया गया है। अनुविभागीय दण्डाधिकारी डभरा विनय कुमार कश्यप को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। जांच में यह परीक्षण किया जाएगा कि घटना कब और कैसे घटित हुई। घटना दिनांक को घटना स्थल पर कौन-कौन मजदूर कार्यरत थे तथा किन-किन मजदूरों की मृत्यु एवं कौन-कौन घायल हुए। साथ ही उन परिस्थितियों का विश्लेषण किया जाएगा जिनके फलस्वरूप यह घटना घटित हुई। सहायक संचालक, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा जिला जांजगीर चांपा व सक्ती द्वारा उत्पादन प्रारंभ होने से लेकर घटना दिनांक तक किए गए निरीक्षणों की भी समीक्षा की जाएगी। यह देखा जाएगा कि निरीक्षण के दौरान कोई खामियां पाई गई थीं या नहीं, और यदि पाई गई थीं तो उन पर क्या कार्यवाही की गई। इसके अतिरिक्त घटना के कारणों का निर्धारण करते हुए यह स्पष्ट किया जाएगा कि दुर्घटना तकनीकी कारणों से हुई या मानवीय त्रुटि के कारण। साथ ही यह भी निर्धारित किया जाएगा कि इस घटना के लिए कौन जिम्मेदार हैं। भविष्य में इस प्रकार की दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक रोकथाम उपाय एवं सुझाव भी प्रस्तुत किए जाएंगे, साथ ही अन्य आवश्यक बिंदुओं पर भी जांच अधिकारी अपना अभिमत प्रस्तुत करने कहा गया है।



हादसे के बाद मौके पर क्षत-विक्षत अवस्था में पड़ा बायलर पाइप का हिस्सा।

### ठेका कंपनी पर फोड़ रहे ठीकरा

वेदांता पावर प्लांट में बायलर पाइप लाइन फटने एवं मजदूरों की मौत के मामले में प्लांट प्रबंधन अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते हुए ठेका कंपनी पर ठिकरा फोड़ने में लगी है। प्रबंधन द्वारा जारी किए गए बयान के अनुसार 14 अप्रैल को दोपहर लगभग 2.30 बजे सिंघीतराई स्थित विद्युत संयंत्र की 600 मेगावॉट यूनिट-1 में एक दुर्घटना हो गई। यूनिट का परिचालन ठेका कंपनी एनजीएसएल द्वारा किया जा रहा है। इस दुर्घटना में एनजीएसल के दुर्घटना प्रभावित ठेका कर्मचारियों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। मेडिकल टीमों और स्थानीय प्रशासन के समन्वयन में प्रभावित ठेका कर्मचारियों की हरसंभव मदद की जा रही है। संयंत्र प्रबंधन ने अपने संदेश में प्रभावित ठेका कर्मचारियों के प्रति संवेदना जताई है। घटना की छानबीन के लिए ठेका कंपनी के साथ विद्युत संयंत्र प्रबंधन ने जांच समिति भी गठित की है।

### लंच ने बचा ली मजदूरों की जान... अन्यथा मृतकों की संख्या होती कई गुना ज्यादा

सक्ती के वेदांता प्लांट में बायलर विस्फोट में गंभीर रूप से घायल दो मजदूरों का उपचार रायपुर स्थित कालड़ा अस्पताल में चल रहा है। उपचार के लिए रायपुर लाए जा रहे चार घायलों में दो ने रास्ते में दम तोड़ दिया। जिन घायलों का उपचार चल रहा है, उनमें उत्तरप्रदेश का रहने वाला किस्मत अली तथा झारखंड निवासी रूपिंदर साहू का उपचार रायपुर में चल रहा है। घायलों की हालत चिंताजनक है। घायलों के परिजनों ने बताया कि उन लोगों को उपचार कर रहे चिकित्सकों ने 24 घंटे के बाद कुछ बता पाने की बात कही है। किस्मत अली के बड़े भाई जो पुणे में काम करते हैं, ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए बताया कि भाई के घायल होने की जानकारी मिलने के तत्काल बाद वो रायपुर पहुंचे। स्टेशन से उतरने के बाद किस्मत अली का हाल जानने सीधा कालड़ा अस्पताल पहुंचे। बड़े भाई ने अपने छोटे भाई किस्मत से मिलने डॉक्टरों से गुहार लगाई। डॉक्टरों ने सुरक्षा कारणों से बड़े भाई को बर्न यूनिट के विंडो से देखने की अनुमति दी।

**बेटी की शादी करने के बाद लौटा था-** प्लांट हादसा में गंभीर रूप से घायल रूपिंदर फरवरी में अपनी बड़ी बेटी की शादी करने झारखंड गया था। रूपिंदर का एक छोटा भाई भी वेदांता में काम करता है। उसने बताया कि बड़े भैया पिछले महीने ड्यूटी पर लौटे हैं। रूपिंदर की तीन बेटी तथा एक बेटा है। घटना के समय रूपिंदर का भाई दूसरी यूनिट में काम कर रहा था। हादसा और बड़ा तथा भयावह होता घटना लंच समय की थी। लंच होने की वजह से ज्यादातर मजदूर खाना खाने चले गए थे। इस कारण घटना के समय एक चौथाई से कम मजदूर काम कर रहे थे। घटना अगर वर्किंग समय में होती, तो हादसे की भयावहता की कल्पना करना भी मुश्किल है। काम के समय बायलर फटता, तो मृतकों के साथ घायलों की संख्या का अनुमान लगाना मुश्किल है।

■ **रोते, बिलखते परिजन अपनों की जान बचाने कर रहे प्रर्थना**

**हीट होने पर फटा -** मजदूर ने जैसा बताया है, उसके मुताबितक प्लांट में रख रखाव करना उनका काम है। मजदूर के अनुसार बायलर फटने की जो प्रारंभिक जानकारी मिल रही है, उसके मुताबिक बायलर काफी ज्याद हीट हो गया, इस वजह से फट गया और बायलर पाइप का गर्म पानी और राखड़ के छींटे पड़ने से मजदूरों की मौत हुई है और घायल हुए हैं।

**प्रत्यक्षदर्शी ने बताई भयावहता-**वेदांता में काम करने वाले एक मजदूर ने अपना नाम न छापने की शर्त पर बताया, हादसा दोपहर दो से ढाई बजे के बीच का है। प्लांट के यूनिट वन के बायलर में जब धमाका हुआ, उस समय प्लांट के अंदर अफरा-तफरी की स्थिति मच गई। प्लांट में काम कर रहे मजदूर बुरी तरह से डर गए। प्लांट के अंदर अफरा-तफरी मच गई। जिस ओर धमका हुआ था, उस ओर सभी मजदूर अपने साथी मजदूरों की जान बचाने के लिए दौड़े। हादसे वाली जगह पर चीख-पुकार मची थी। हालत बिगड़ने पर रायपुर लाए किस्मत अली, रूपिंदर तथा दो अन्य को उपचार कराने रायगढ़ ले जा रहे थे। इस दौरान चंद्रपुर के पास किस्मत अली तथा अन्य घायलों की स्थिति बिगड़ने लगी। इसके बाद राहत तथा बचाव कार्य में लगे कर्मियों ने त्वरित निर्णय लेते हुए उन सभी चार मजदूरों को उपचार के लिए रायपुर लाने निर्णय लिया, जिनमें से दो मजदूरों की रास्ते में मौत हो गई।

**मृतक, घायल एनजीएसएल के कर्मी-**वेदांता पावर प्लांट का सब-कॉन्ट्रैक्टर एनजीएसएल के पास है। जिस यूनिट वन में हादसा हुआ, उस यूनिट के रख रखाव का ठेका एनजीएसएल के पास था। उसी ठेका कंपनी के मजदूर हादसे में मरने के साथ घायल हुए हैं। जिन मजदूरों का कालड़ा नर्सिंग होम में उपचार चल रहा है, उपचार का खर्च संबंधित ठेका कंपनी द्वारा दिए जाने की जानकारी घायल मजदूरों के परिजनों ने दी है।

**काम करने वाले सभी चपेट में आए-**प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार घटना के समय यूनिट वन में 50 के करीब मजदूर काम कर रहे थे। बायलर में विस्फोट होने के बाद पाइप से गर्म पानी के साथ गर्म राखड़ पूरे परिसर में फैल गई। जो आठ मजदूर बायलर पाइप के पास कम कर रहे थे, उनकी मौके पर ही मौत हो गई। चार ने अस्पताल ले जाते दम तोड़ा। दो अन्य की बुधवार को रायपुर लाते मौत हो गई। मौके पर उपस्थित शेष अन्य घायल हुए हैं। प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार घटना के समय वो यूनिट टू में काम कर रहा थे। हादसे की जानकारी मिलने पर वे अपनी बस के साथ बोलेरो कार घटना स्थल के पास ले गए और मजदूरों को उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाने लगे। गंभीर मरीजों को रायगढ़ स्थित एक निजी अस्पताल में ले जाकर भर्ती कराया।

## आगजनी से बचाव के लिए अग्नि सुरक्षा सेवा सप्ताह का आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

आगजनी की घटना से बचाव और रोकथाम के लिए अग्नि सेवा सुरक्षा सप्ताह का आगाज किया गया है। पहले दिन जागरुकता रैली निकाली गई। अग्नि सेवा सुरक्षा सप्ताह का समापन 20 अप्रैल को होगा।

नगर सेना, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं तथा एसडीआरएफ मुख्यालय रायपुर के निर्देशानुसार 20 अप्रैल तक अग्नि सुरक्षा सेवा सप्ताह मनाया जाएगा। जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी सुश्री योग्यता साहू ने बताया कि अग्नि सुरक्षा सेवा सप्ताह के तहत प्रथम दिवस पर शहीद अग्निवीरों को श्रद्धांजली देकर कार्यकम की शुरूआत की गई। जिले में तैनात फायर फाइटर्स को उनके दायित्वों को ब्रीफ करने के पश्चात जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली नगर सेना एवं अग्निशमन कार्यालय जांजगीर से निकाल कर केरा चौक, पेण्ड्री से होते हुये हाईवे रोड से खोखरा चौंक से वापस नगर सेना एवं अग्निशमन कार्यालय जांजगीर पर समाप्त हुई। शहरवासी एवं आमजनों में अग्नि सुरक्षा संबंधी जागरूकता लाने के लिये बेनर, पोस्टर के माध्यम से प्रेरित किया गया। इस अवसर पर जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी सुश्री योग्यता साहू तथा फायर कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में नगर सैनिक उपस्थित रहे।




अग्नि शमन कार्यालय से रैली निकालते नगर सेना के जवान।

## तेज रफ्तार कार ने बच्ची को कुचला आक्रोशित लोगों ने की तोड़फोड़

**जांजगीर-चाम्पा।** सक्ती जिले के ग्राम फगुरम में तेज रफ्तार कार ने बच्ची को कुचला दिया। हादसे में बच्ची की मौत हो गई। आक्रोशित लोगों ने कार में तोड़फोड़ कर दी। कार का चालक मौके से फरार हो गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बुधवार 15 अप्रैल की शाम करीब 6 बजे तेज रफ्तार कार ने फगुरम में एक बच्ची को अपनी चपेट में ले लिया। कार की चपेट में आने से बच्ची की मौत हो गई। घटना स्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। देखते ही देखते मौके पर तनाव की स्थिति निर्मित हो गई। इसके बाद आक्रोशित लोगों ने कार में तोड़फो कर दी। सूचना पर फगुरम चौकी की पुलिस मौके पर पहुंची। मृत बच्ची का नाम रितिका निराला बताया जा रहा है और उम्र करीब 7 साल बताई जा रही है। इधर घटना के बाद कार छोड़कर चालक फरार हो गया है। पुलिस ने किसी तरह आक्रोशित लोगों को समझाइश देकर स्थिति संभाली। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।



गर्मी से बचने स्कार्फ बांधकर जाती युवतियां।

## बढ़ती गर्मी से शहर की सड़कें दोपहर में हो रही वीरान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बैसाख की गर्मी ने सभी को हलाकान कर दिया है। लोगों को न तो दिन में चैन मिल रहा है और न ही रात में आराम। 15 अप्रैल की दोपहर शहर का तापमान 41 पार कर गया।

सुबह 9 बजे के बाद सूरज आग उगलने लगती है। गर्म हवाएं व लू के थोड़ों ने लोगों की दिनचर्या बदल दी है। रात में भी वातावरण गर्म रहता है जिसके कारण लोगों को रात में भी आराम नहीं मिल पा रहा है। तेज गर्मी के चलते सुबह 9 बजे के बाद लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है, जिससे लोग घरों में दुबके रहना ही ज्यादा पसंद कर रहे हैं। पंखे व कूलर से भी पर्याप्त राहत नहीं मिल रही है। वैसे तो गर्मी इस बार मार्च माह से शुरु हो गई थी लेकिन अप्रैल माह से सूरज ने अपना तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। 15 अप्रैल को शहर का अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस पार कर गया। स्थिति यह है कि दोपहर होते ही सड़क सुनसान होने लगी हैं। गांव की गलियां भी वीरान रहती है। तेज गर्मी के कारण आवश्यक कार्य होने पर ही लोग सिर पर कपड़ा व आंखों में चश्मा पहनकर घरों से बाहर निकल रहे हैं। तेज गर्मी ने शीतल पेय पदार्थों की मांग बढ़ा दी है। इसके चलते नींबू, आम, गन्नारस, कोलड्रिंक्स की मांग बढ़ गई है। बाजार में लोग इन्हीं पेय पदार्थों की मांग ज्यादा करते हैं जिसके चलते इनके दामों में भी वृद्धि हो रही है। इधर गर्मी के चलते लू लगने का खतरा बढ़ गया है। डॉक्टरों ने तेज गर्मी से बचने की सलाह दे रहे है। गर्मी का असर बाजार में भी पड़ रहा है। लोग दोपहर से पूर्व या शाम को ही खरीदारी करना पसंद कर रहे हैं। दोपहर को बाजार में सन्नाटा पसरा रहता है। इधर गर्मी के कारण हरी सब्जियां सूख रही है। सब्जियों को सूखने से बचाने के लिए सब्जी व्यवसायी दिनभर गीले कपड़ों से ढककर रखते हैं बावजूद सब्जियां मुरझाकर सूख रही है।

■ **सूरज की तपन के साथ चलने लगी गर्म हवा, पारा पहुंचा 41 डिग्री**

### सीएसआर मद से हो रहा कार्य, कलेक्टर की मौजूदगी में शुरु हुआ अभियान

# खबर प्रकाशन के बाद जागा प्रशासन, शुरु हुई रामबांधा तालाब की सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

**खबर का असर**

नगर के ऐतिहासिक रामबांधा तालाब की बदहाली अब दूर होने वाली है। हरिभूमि में खबर प्रकाशन के बाद प्रशासन हरकत में आया है। तालाब की सफाई का अभियान बुधवार 15 अप्रैल को शुरु किया गया। तालाब की सफाई का यह कार्य सीएसआर मद से, कलेक्टर के मार्गदर्शन में कराया जा रहा है।

कभी नगर की शान रहे ऐतिहासिक रामबांधा तालाब की स्थिति समय के साथ बदहाल होती जा रही थी। हरिभूमि द्वारा लगातार तालाब की बदहाली को लेकर खबर प्रकाशित करते हुए प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया गया। सोमवार 14 अप्रैल के अंक में "जलकुभी से अटा रामबांधा तालाब ,डुबकी लगाने की भी नहीं बची जगह '' शीर्षक से समाचार प्रमुखता के साथ प्रकाशित की गई। खबर प्रकाशन के बाद आखिरकार जिलाधीश जन्मेजय महोबे द्वारा तालाब की सुध ली गई। बुधवार 15 अप्रैल की सुबह 11 बजे कलेक्टर स्वयं अधिकरियों के साथ में रामबाधा तालाब पहुंचे। इसके पहले नगर पलिका अमला व जनप्रतिधि पहुंच गये। कलेक्टर द्वारा पूजा अर्चना कर तालाब सफाई कार्य का शुरू काया गया। इसके साथ ही तालाब से जलकुभी निकालने का कार्य जोर-शोर से शुरू हो गया है। यह कार्य औद्योगिक समाजिक सरोकार (सीएसआर) फण्ड से किया जा रहा है। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि रामबांधा तालाब नगर की पहचान है, इसके संरक्षण और स्वच्छता के लिए नियमित रूप से आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। सफाई अभियान के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप नामदेव, नगर पालिका सीएमओ राम संजीवन सोनवानी सहित सभी पार्षदगण मौजूद रहे।



कलेक्टर की मौजूदगी में शुरु हुआ सफाई अभियान।

**खबर संक्षेप**

## अर्पिता ने सीबीएसई 10वीं में फहराया परचम, ए आई में मिले 98 अंक



**जांजगीर-चांपा।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 10वीं के परीक्षा परिणामों में जांजगीर के पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय की छात्रा अर्पिता तिवारी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे जिले का गौरव बढ़ाया है। अर्पिता ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई जैसे आधुनिक विषय में 100 में से 98 अंक अर्जित कर अपनी तकनीकी दक्षता साबित की है। सभी विषयों में श्रेष्ठ प्रदर्शन अर्पिता के परीक्षा परिणाम पर नजर डालें तो उन्होंने लगभग हर विषय में विशिष्ट योग्यता डेस्टीनेशनल हासिल की है। उन्हें सामाजिक विज्ञान में 95, हिंदी और विज्ञान में 94-94, अंग्रेजी में 93 तथा गणित में 88 अंक प्राप्त हुए हैं। उनकी इस उपलब्धि पर उनके माता-पिता दीप्ति तिवारी एवं उमाशंकर तिवारी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे अर्पिता की निरंतर मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का प्रतिफल बताया है। अर्पिता अपनी सफलता का श्रेय अपनी नियमित पढ़ाई और माता-पिता के अटूट विश्वास को देती हैं।

## साहित्य शिरोमणि सम्मान से सम्मानित हुए सुरेश पैगवार



**जांजगीर-चांपा।** मध्यप्रदेश के तिरोड़ी स्थित मॉयल मंगल भवन में 12 अप्रैल 2026 को आयोजित राष्ट्रीय साहित्यकार सम्मेलन में जांजगीर के प्रतिष्ठित कवि एवं साहित्यकार सुरेश पैगवार को "साहित्य शिरोमणि सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मेलन चार सत्रों में सम्पन्न हुआ, जिसमें दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक आयोजित राष्ट्रीय स्तर की युवा काव्यपाठ प्रतियोगिता में जांजगीर के युवा कवि योगेश्वर सिंह राठौर ने देशभर के चयनित प्रतिभागियों के बीच उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया।प्रतियोगिता सत्र के मुख्य अतिथि सुरेश पैगवार रहे, जबकि अध्यक्षता रितेश माने ने की। विशिष्ट अतिथियों में भैया लाल नागवंशी, पंकज जुगनू (परसवाड़ा) एवं डॉ. गोपाल राम साहू (छत्तीसगढ़) शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय कवि दिनेश देहाती ने किया।पिछले 23 वर्षों से निरंतर आयोजित हो रहे इस राष्ट्रीय साहित्यकार सम्मेलन में इस वर्ष देशभर से चयनित 13 विशिष्ट प्रतिभाओं को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

## आईटीआई सारागांव में मेहमान प्रवक्ता के लिए आवेदन 20 तक

**जांजगीर-चांपा।** नोडल संस्था औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था जांजगीर चाम्पा के अंतर्गत शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सारागांव में संचालित व्यवसाय वर्कशॉप कैलकुलेशन एवं इंजीनियरिंग ड्राइंग के प्रशिक्षण कार्य पूर्ण कराये जाने के लिए प्रशिक्षण सत्र 2026-27 हेतु मेहमान प्रवक्ता के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है। प्राचार्य व नोडल अधिकारी शास.औ.प्रशि. संस्था जांजगीर ने बताया कि आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में 20 अप्रैल तक सायं 5 बजे तक स्वयं उपस्थित होकर अथवा पंजीकृत व स्पीड पोस्ट द्वारा आवेदन पत्र औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था जांजगीर में जमा किए जा सकते है। पदो की जानकारी शैक्षणिक योग्यता व तकनीकी योग्यताएं एवं निर्धारित मापदण्ड की विस्तृत जानकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था जांजगीर व सारगांव के सूचना पटल एवं जांजगीर जिले के वेबसाईट पर प्राप्त की जा सकती है।प्राचार्य व नोडल अधिकारी शास.औ.प्रशि. संस्था जांजगीर ने बताया कि आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में 20 अप्रैल तक सायं 5 बजे तक स्वयं उपस्थित होकर अथवा पंजीकृत व स्पीड पोस्ट द्वारा आवेदन पत्र औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था जांजगीर में जमा किए जा सकते है। आईटीआई सारागांव में 20 अप्रैल तक शाम 5 बजे तक पंजीकृत व स्पीड पोस्ट से आवेदन भेज सकते है।

**निधन**

### दरसमति पटेल



**बिर्रा।** ग्राम बसंतपुर के प्रतिष्ठित महिला दरसमती पटेल बहुत समय पहले से अस्वस्थ थी। जिसके कारण 7 अप्रैल मंगलवार को उनका निधन हो गया। वे लगभग 35 वर्ष की थी। मुखाग्नि उनके पति मोहनलाल पटेल ने दिया। वह तीन बेटियों से भरा पूरा परिवार को रोता बिलखता छोड़ कर चली गई। स्थानीय मुक्तिधाम में उसकी अंतिम संस्कार किया गया। वह बाबूलाल पटेल का बेटी थी। उनकी अंतिम यात्रा में स्वजातीय बंधुओ के अलावा रिश्तेदार और ग्राम वासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### चंद्रशेखर देवांगन



**बिर्रा।** स्थानीय नगर के भांठापारा निवासी चंद्रशेखर देवांगन 67वर्ष की आयु में 13अप्रैल को निधन हो गया। अंतिम दाह संस्कार गरजना तालाब के पीछे मुक्ति धाम में अंतिम संस्कार उनके ज्येष्ठ पुत्र हरिश कुमार देवांगन ने मुखाग्नि दी। वे अपने पीछे तीन पुत्र हरिश कुमार देवांगन व्यापारी व्याख्याता सोमेश देवांगन शिक्षक मनोज कुमार और अपने नाती पोता से भरा पूरा परिवार को छोड़कर चले गए।वे अपने जीवन में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभिन्न पद के अलावा भाजपा पार्टी तथा सरस्वती शिशु मंदिर में विभिन्न पद पर कार्य कर चुके हैं। अंतिम संस्कार में सजातीय बंधु व विप्रजन भारी संख्या में उपस्थित थे।

### अंबेडकर द्वारा दिए गए आदर्श वाचनों को आत्मसात करने का लिया गया संकल्प

# धूमधाम से मनाई गई बाबा साहेब की जयंती, जगह-जगह निकाली गई शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

भारतरतन डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती नगर में हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाई गई। शोभायात्रा में डीजे की धुन पर उपस्थित युवा झूमते रहे। साथ ही संविधान में बाबा भीमराव अंबेडकर द्वारा दिए गए आदर्शो वाचन करने का संकल्प लिया गया।

मंगलवार 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती के अवसर पर मिनीमाता मंगल भवन से शोभायात्रा निकाली गई जो थाना रोड ,बजरंग चौक ,मस्जिद रोड,सब्जी मार्केट ,शास्त्री चौक, आजाद चौक होते हुए अंबेडकर चौक पहुंची। शोभायात्रा के दौरान डीजे की धुनों पर उपस्थित युवा और समाज के लोग उत्साह के साथ झूमते नजर आए। कार्यक्रम में आनंद प्रकाश मिरी,उमाकांत भारते, विजय खांडेल, निक्कू कुमार, सुरेश मिर्चयान्य, पंकज मिरी, संतोष बंजारे, विकास भारद्वाज, दीपक मनहर, सुरेन्द्र लहरें धीरेंद्र जांगड़े, शैलेन्द्र रात्रे, कुंवर ऑग्रे, शंकर डहरिया,छोटू सोनवानी, लंकेश्वर भुवने, दीपक सिन्हा सहित बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं, बुजुर्ग और युवा उपस्थित रहे।



भीमराव अंबेडकर को याद करते नगरवासी।

## डॉ अंबेडकर की 135वीं जयंती पर कांग्रेसियों ने किया याद



**चांपा।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चाम्पा द्वारा बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती मनाई गई। ब्लॉक कांग्रेस चाम्पा द्वारा संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती ब्लॉक कार्यालय में पुष्पांजलि अर्पित करते हुए मनाई गई जिसमें प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष राजेश अग्रवाल ब्लाक अध्यक्ष सुनील साधवानी जिला महामंत्री नागेंद्र गुप्ता पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती शांति सोनी मंडल अध्यक्ष अनिल मोदी वरिष्ठ कांग्रेसी हरदयाल तंवर पार्षद अंजली देवांगन ने बाबा साहब की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए अपनी बाते रखी कार्यक्रम का संचालन सुनील साधवानी ने किया आभार मंडल अध्यक्ष राज सरोज ने किया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से जिलाध्यक्ष राजेश अग्रवाल ब्लाक अध्यक्ष सुनील साधवानी मंडल अध्यक्ष अनिल मोदी राज सरोज जिला महामंत्री नागेंद्र गुप्ता सेवक बुटू देवांगन पार्षद तमिन्द्र देवांगन शांति सोनी अंजली देवांगन कविता देवांगन हरदयाल तंवर उमेश तिवारी विशु गाड़ा जीवन बंजारे संजय देवांगन अरुण देवांगन राजू मुर्तुजा पंकु साधवानी इतवारी यादव संजय साधवानी राम मनोज शर्मा सहित कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## श्री ऋषभ विद्योदय महाविद्यालय में मनी अंबेडकर जयंती



**अकलतरा।** श्री ऋषभ विद्योदय महाविद्यालय, बनाहिल में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती समारोह हर्ष पूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सदस्य अभिषेक तिवारी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर का सपना था कि हर व्यक्ति शिक्षित होकर अपने अधिकारों के प्रति जागरूक बने। डॉ. अंबेडकर केवल संविधान निर्माता ही नहीं, बल्कि सामाजिक क्रांति के अग्रदूत थे। उन्होंने शिक्षा को ही समानता और स्वतंत्रता का सबसे बड़ा हथियार बताया। इस अवसर पर महाविद्यालय द्वारा क्विज कंपटीशन का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ. अंबेडकर के जीवन, संविधान, मौलिक अधिकार एवं सामाजिक सुधारों पर आधारित प्रश्न पूछे गए साथ ही पोस्टर रैली भी निकाली गई, जिसमें विद्यार्थियों ने हाथों में संविधान, समानता, शिक्षा और सामाजिक न्याय से जुड़े नारे एवं पोस्टर लेकर परिसर में भ्रमण किया। और पोस्टर रैली के माध्यम से छात्रों ने समानता, शिक्षा और सामाजिक एकता का संदेश दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य ने मुख्य अतिथि एवं सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों में संवैधानिक मूल्यों एवं सामाजिक चेतना का विकास करते हैं। कार्यक्रम में विद्यार्थी एवं महाविद्यालय स्टाफ उपस्थित थे।

## मनाई गई डॉ भीमराव अम्बेडकर की 135वींजयंती



**अकलतरा।** अकलतरा ब्लाक अंतर्गत ग्राम तिलई में डॉ बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की 135 वी जयंती तधूमधाम से मनाई गई। जयंती कार्यक्रम की शुरुवात सरपंच प्रतिनिधि ललित कौशिक द्वारा संविधान शिल्पी बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया।ततपश्चात जनपद सदस्य रामगोपाल कौशिक,एवं पूर्व जनपद सदस्य छतराम कौशिक, पूर्व उपसरपंच रामराज कुर्रे गायक एवं पंच सनत माथुर द्वारा अम्बेडकर के जीवन संघर्ष को बताया गया। कार्यक्रम के संयोजक ,सुनील कुर्रे सुरेश कुर्रे ,अजय कुर्रे , सुरेश बंजारे, अरुण, रामनाथ कुर्रे,राजकिशोर धिरही मंशा, दयाराम ,रामनारायण, सिनोद, पँचायत पंच उपस्थित रहे।

## संविधान निर्माता अंबेडकर जयंती पर वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

भारतीय जनता पार्टी के देश व प्रदेश नेतृत्व के आवाह्न एवं जिला अध्यक्ष आकाश सिंह के निर्देशानुसार भारतीय जनता युवा मोर्चा के तत्वाधान में भारत रत्न, भारतीय संविधान के रचयिता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती मंगलवार 14 अप्रैल को श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई।

ग्राम कोटाडाबरी स्थित जयस्तंभ चौक में आयोजित किया गया।इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने बाबा साहेब के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया तथा उनके जीवन, संघर्ष और संविधान निर्माण में दिए गए योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ नागरिकों को बाबा साहेब की स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में चल रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत पार्टी के कर्मठ, निःस्वार्थ कार्यकर्ता रामचरण पटेल, रोहित पटेल एवं गौकरण पटेल को गमछा श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। भारतीय जानता पार्टी चांपा मंडल से उर्दू अकादमी के पूर्व अध्यक्ष सलीम मेमन,महामंत्री रामवल्लभ सोनी, महामंत्री गोपीचंद बरेठ, उपाध्यक्ष नरेंद्र ताम्रकार, मंगल चंद देवांगन, पूर्व महामंत्री महावीर सोनी, भाजयुमो के पूर्व जिला अध्यक्ष मुकेश जायसवाल,भाजयुमो अध्यक्ष लव कुमार देवांगन, महिला मोर्चा जिला महामंत्री धनेश्वरी जागृति, बुनकर प्रकोष्ठ जिला सहसंयोजक संजय देवांगन, भाजयुमो पूर्व मंडल अध्यक्ष गिरीश मोदी, रामचरण पटेल ,रोहित पटेल, गौकरण पटेल,संतोष लहरें, फत्ते चंद देवांगन,शैलेन्द्र देवांगन, विक्रांत बघेल, आदर्श पाण्डेय, नवीन सोनी, आकाश भोजवानी सहित अन्य उपस्थित थे।

## बाबा साहेब के हर वर्ग को अधिकार दिलाने किया काम : जांगड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

- भारतीय जनता पार्टी ने मनाई संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती

सक्ती के नाका चौक में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर की जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई।

इस अवसर पर बाबा साहब की आदमकद प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर उन्हें नमन किया गया। सांसद कमलेश जांगड़े एवं जिला अध्यक्ष टिकेश्वर सिंह गबेल ने बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर नमन किया। उपस्थित सभी भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भी श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ने बाबा साहब के विचारों को स्मरण करते हुए कहा कि उनका जीवन संघर्ष, समानता और सामाजिक न्याय का प्रतीक है। उन्होंने समाज के हर वर्ग को समान अधिकार दिलाने के लिए ऐतिहासिक कार्य किए, जिनसे आज पूरा देश प्रेरणा ले रहा है। जिला अध्यक्ष टिकेश्वर सिंह गबेल ने कहा कि सभी को बाबा साहब के विचारों और मूल्यों को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए तथा एक न्यायपूर्ण, समरस और सशक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। रामावतार अग्रवाल, मांगेराम अग्रवाल, ऋषि गोयल,भवानी तिवारी, रामनरेश यादव, अभिषेक शर्मा, रामसिंग सिदार, रघुनंदन राठौर, सेवती साहू, सुशीला गबेल, नगरपालिका उपाध्यक्ष भारत यादव, पार्षद गण -गजेन्द्र यादव, गोविंदा निराला, अनिता गोपाल, मनोज सोनी सुरेश साहू, विनोद पाण्डेय, मनोज सिसोदिया, भगत शर्मा, दादू केवट, गजेंद्र राठौर, लाखन नामदेव, अनुराग विश्वकर्मा, परमेश्वर साहू, आदित्य अग्रवाल, पिंटू सिंघल, विजय जांगड़े, पुरुषोत्तम खूंटे, प्रेम शंकर गबेल, वेद प्रकाश, जिला धनंजय नामदेव सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



अंबेडकर प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलित करते सांसद।

# संविधान निर्माता अंबेडकर की जयंती पर 1 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाराद्वार

14 अप्रैल को सविंधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जयंती पर नगर पंचायत नया बाराद्वार में 1 करोड़ 15 लाख के विकास कार्यों का भूमि पूजन किया गया। कार्यक्रम में शामिल हुई मुख्य अतिथि सांसद कमलेश जांगड़े ने विकास कार्यों का शिलान्यास किया।

**खास बात**

- सांसद ने 10 नए बोर की प्रदान की है स्वीकृति

कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष टिकेश्वर गवेल ने की। सांसद कमलेश जांगड़े ने विकास कार्यों के लाभ मिलने पर बधाई देते हुए कहा कि नगर में चहुमुखी विकास होगा। हाल ही में गर्मी में पेयजल संकट को ध्यान रख सांसद ने 10 नये बोर स्वीकृत किये थे।जिला पंचायत सभापति आयुष शर्मा कहा की अम्बेडकर जयंती के पावन दिन पर जांजगीर चाम्पा सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े जी मुख्य आतिथ्य में करोडो रूपये के विकास कार्यों का शिलान्यास कर नगर विकास को नई गति दी हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष नारायण कुर्रे एवं उपाध्यक्ष जितेश शर्मा ने जानकारी देते हुए कहा की जिसमें वार्ड क्रमांक 1-2 में 50 लाख की लगात के मंगल भवन,वार्ड क्रमांक 07 में उद्यान, 36 लाख विभिन्न वार्डों में नाली एवं सीसी रोड के विकास कार्यों का शिलान्यास होने पश्चात नागरिकों को इसका लाभ मिलेगा।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष पंचायत सभापति आयुष शर्मा, भाजपा मण्डल अध्यक्ष गेंदराम मनहर, वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश सिंघानिया, जगेश राय, भाजपा जिला मंत्री अरुण शर्मा,मण्डल उपाध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा,सांसद प्रतिनिधि अमित कलांनोरिया, पार्षद अजय सिंह राजपूत, पार्षद ओम प्रकाश कुर्रे, पार्षद ज्योति राठौर, पार्षद प्रीति अनिल यादव, पार्षद अंजलि हेमंत साहू,कमलेश्वरी महावीर राठौर,पार्षद अमित बरेठ, पार्षद पवन बंसल, पार्षद पुष्पा भरत कर्ष, पार्षद अंजू कुर्रे, पार्षद आरती खुरशे,पार्षद भोजराम, सीएमओ मनोज कश्यप, लक्ष्मण देहारी, संतोष साहू, गणपत बरेठ, छतराम भैना,खीक राम बरेठ, कीर्ति सागर बरेठ, मोती लाल कुर्रे, समेत गणमान्य नागरिक शामिल हुए।



अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते जनप्रतिनिधि।

## समाज के हर वर्ग ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों को किया नमन्

**देवरी-सारागांव।** भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जन्मजयंती के अवसर पर लच्छनपुर सतगंवा परिक्षेत्र में उत्साह और उल्लास का वातावरण रहा। समाज के हर वर्ग ने एकजुट होकर बाबा साहब के विचारों को नमन किया और उनके बताए 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। उत्सव का मुख्य आकर्षण ग्राम हनुमंता रहा, जहाँ बाबा साहब की एक भव्य प्रतिमा स्थापित की गई। मुख्य अतिथियों और स्थानीय गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ मूर्ति का अनावरण संपन्न हुआ। भव्य शोभा यात्रा अनावरण समारोह के पश्चात परिक्षेत्र में एक विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर डॉ खिलावन साहू, सुश्री आशा साव, ठाकुर गुलजार सिंह, संजय कुमार गढ़ेवाल, राजेन्द्र कुमार देवांगन, गुलेश्वरी संजय कंवर, दिलहरण बरेठ, प्यारेलाल सूर्यवंशी व राजेश कुमार सूर्यवंशी सहित अन्य उपस्थित थे।

**न्यायालय तहसीलदार चांपा,**
**जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)**
क्र./ 292/तह. / EWS / 2026
चांपा, दिनांक 15/04/2026
**ईश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री शैलेश कुमार शर्मा पिता स्व.श्री निवास शर्मा जाति-ब्राम्हण निवासी ग्राम-चांपा प.ह.नं. 07 तहसील चांपा, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.) के द्वारा अपने पुत्र अनिमेष शर्मा का ई.डब्ल्यू.एस. प्रमाण पत्र बनवाने हेतु 01. आवेदन पत्र, 02. आय प्रमाण पत्र 03. आधार कार्ड 04. निवास प्रमाण पत्र 05. अंक सूची सहित पेश किया है।

अतः जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 27/04/2026 को समय 11.00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं नियत तिथि के पश्चात दावा/आपत्ति स्वीकार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 13/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से किया गया।

जारी दिनांक 13/04/2026
पेशी दिनांक 27/04/2026
**तहसीलदार**
**चांपा**

## बाबा साहब अमर रहे के जयघोष से गूंज उठा नगर

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

भारतीय संविधान के शिल्पी भारत रत्न नालेज ऑफ सिंबाल दलित शोषित के आवाज आधुनिक भारत के निर्माता डॉ बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के 135जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया गया और सर्व प्रथम अम्बेडकर चौक पामगढ़ में स्थापित डॉ बाबा शाहब भीमराव अंबेडकर जी के मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किए और श्रीफल तोड़ कर धूप अगरबत्ती प्रज्वलित किया गया

इस अवसर पर बाबा साहब अमर रहे ,भारतीय संविधान जिंदाबाद ,जय भीम के गगन भेदी नारे से माहौल गूंज उठा। शकुन्तला खरे ने बाबा साहब को विश्व रत्न बताई उन्होंने विश्व के सबसे विशाल लिखित संविधान देश को दिए सामाजिक सामरसता को मूल मंत्र माना, देश के विकास में महत्व पूर्ण योग दान दिए भारतीय रिज़र्व बैंक , उच्च शैक्षणिक संस्थान आईआईएम व आईआईजी व इसरो का निर्माण में योग दान विभिन्न क्षेत्रों में बड़े बांध आदि का निर्माण कराए उनके दिखाए मार्ग में चलने का संकल्प ले । इस अवसर पर आर,के, तंबोली एसडीएम पामगढ़ ने बाबा साहब को भारत का धरोहर बताए जिनके ख्याति विश्व में है अमेरिका जापान इंग्लैंड रूस जैसे देशों में बाबा साहब का मूर्ति स्थापित है उन्हें लगभग 20 भाषा का ज्ञान था और उन्हें नालेज ऑफ सिंबाल कहा जाता है और इस अवसर पर आर,के, तंबोली एसडीएम पामगढ़ श्रीमती शकुन्तला खरे मनोज खरे शिव पातरे शिवराज साइटोंडे , सुखदेव श्रीवास , जय सिंह सायेटोंडे, ओमप्रकाश रत्नाकर अनिकेत ,बाबूलाल खूंटे, युवराज बंजारे ,अवधेश खूंटे, पंकज दिवाकर ,निखिल खूंटे, सत्य प्रकाश दिवाकर, गिरधारी लाल यादव ,सुमित रत्नाकर गोविंद कुर्रे, रमेश पाटले,मनीराम लहरें आदि उपस्थित रहे।



अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते जनप्रतिनिधि।

* **सारंगढ़।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप द्वारा प्रदेश की 515 नवीन समितियों के साथ सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले की 15 नई प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों का वर्चुअल शुभारंभ किया गया। दोपहर 2 बजे आयोजित इस कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और किसानों की गरिमामय उपस्थिति रही।

**जाँजगीर मार्केट**

**फर्नीचर, इमारती, सेंट्रींग लकड़ी थोक में**
सेंट्रींग प्लाई, बल्ली बांस,
राफ्टर बेड़ी दरवाजे,
चौखट, खिड़की, तखत, टेबल टी,
दीवान, पलंग, आलमारी, शोफासेट,
स्टेडी टेबल, अन्य आधुनिक फर्नीचर
कम दर में प्राप्त करें।
डीलर: अग्नि शामक यंत्र फायर सेफ्टी के विक्रेता।
विशेष: सेन्ट्रींग की लकड़ी फर्मा किराये में उपलब्ध।
शंकर सिंघानिया: मो.9302362173
आदित्य सिंघानिया: मो. 6260115021
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



# परदे पर खुलेगी इतिहास में दर्ज सवालों की परत..

**मुंबई।** फिल्म धुरंधर 2 के बाद संजय दत्त अपनी आगामी फिल्म आखिरी सवाल को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म का मंगलवार को टीजर रिलीज हुआ है। संजय दत्त अभिनीत फिल्म 'आखिरी सवाल' का पहला टीजर 02 अप्रैल को रिलीज हुआ था। इसने फिल्म के प्रति उत्सुकता जगाई। मंगलवार को फिल्म का दूसरा टीजर सामने आया है। इसमें इतिहास की कुछ ऐसी घटनाओं का जिक्र देखने को मिलेगा, जिन पर ज्यादा बात नहीं होती है। मेकर्स का दावा है कि फिल्म के जरिए वे सवाल भी सामने आएंगे, जिन्हें अभी तक कोई नहीं पूछता है।फिल्म के टीजर की शुरुआत में लिखा आता है, 'सवाल, जिसे पूछने की हिम्मत अब तक किसी ने नहीं की'।

## लाइफ Style



# हुमा
## सिंगर एड शीरन को सिखाई थी हिंदी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस हुमा कुरैशी इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'टॉक्सिक' की रिलीज की तैयारी में जुटी हैं। उन्होंने अनुराग कश्यप की फिल्म 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। हाल ही में हुमा ने बताया कि कैसे एड शीरन ने यह फिल्म देखी थी और इसकी तारीफ की थी।

एक बातचीत में हुमा ने फराह खान की पार्टी में एड शीरन से हुई मुलाकात को याद करते हुए कहा, 'यह मेरे लिए बहुत बड़ी बात थी। जब मैं एड शीरन से मिली तो पता चला कि उन्होंने 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' देखी है। यह जानकर मैं हैरान रह गई थी। जब एड शीरन मुंबई में थे, तब फराह खान ने उनके लिए एक पार्टी रखी थी, जहां सभी उनसे मिले थे। मैं उनसे बातचीत करने की कोशिश कर रही थी।

उन्होंने कहा, 'मुझे आपका देश बहुत पसंद है और मैं यहां म्यूजिक पर काम करना चाहूंगा।' उन्होंने आगे बताया कि उन्होंने एड शीरन को कुछ हिंदी शब्द सिखाने की कोशिश की। उन्होंने कहा, 'अगर आप और भी दिलचस्प भाषा सीखना चाहते हैं, तो आपको हमारी फिल्म 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' जरूर देखनी चाहिए।' वह रुक गए और पूछा, 'क्या आप उस फिल्म में थीं?' मैंने कहा, 'हां।' उन्होंने कहा, 'मैंने अभी-अभी वह फिल्म देखी है। मुझे यह बहुत पसंद आई। यह सच में एक जबरदस्त फिल्म है।' मुझे लगा कि यह मेरे लिए एक बहुत ही शानदार पल था।' अनुराग कश्यप के निर्देशन में बनी फिल्म 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' दो हिस्सों में बनी है।

## हॉलीवुड मसाला



# सामने आया जुमांजी के तीसरे पार्ट का टाइटल

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की पॉपुलर एक्शन-एडवेंचर फ्रेंचाइजी 'जुमांजी'के तीसरे पार्ट का ऑफिशियल टाइटल सामने आ गया है। जुमांजी के तीसरे पार्ट की घोषणा लॉस एंजेलिस में नहीं, बल्कि लास वेगास में हुए सोनी के सिनेमकॉन इवेंट के दौरान की गई, जहां फिल्म की पहली झलक और ट्रेलर भी दिखाया गया। इस खास मौके पर केविन हार्ट, ड्वेन जॉनसन और जैक ब्लैक खुद मौजूद थे। केविन हार्ट, ड्वेन जॉनसन और जैक ब्लैक स्टारर इस फिल्म का नाम 'जुमांजी: ओपन वर्ल्ड' होगा। फिल्म 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसमें कैरन गिलन भी अहम भूमिका निभाती नजर आएंगी।



# टीवी पर्सनालिटी को हुआ प्यार; इश्क का किया इजहार

**लॉस एंजिल्स।** 'द रियल हाउसवाइव्स ऑफ बेवर्ली हिल्स' फेमस टीवी पर्सनालिटी टेडी मेलनकैंप की जिंदगी में प्यार की बहार आ गई। जबकि इन दिनों वह कैंसर की बीमारी से भी जंग लड़ रही हैं। हाल ही में अपनी डेटिंग लाइफ को लेकर टेडी मेलनकैंप ने खुलकर बात की। कोई प्यार करने वाला साथ हो तो जिंदगी की मुश्किल डगर भी आसानी से पार हो जाती है। यह बात 'द रियल हाउसवाइव्स ऑफ बेवर्ली हिल्स' फेमस टीवी पर्सनालिटी टेडी मेलनकैंप पर सटीक बैठती हैं। इन दिनों वह कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी से जूझ रही है, इलाज के दौरान ही उनकी जिंदगी में प्यार की दस्तक भी हुई है। अपनी डेटिंग लाइफ और नए पार्टनर को लेकर टेडी मेलनकैंप से हाल ही में फैंस को बताया है।



# फिर मोहित के साथ काम करेंगे अहान

**मुंबई।** पिछले साल आई रोमांटिक फिल्म सैयारा से अहान पांडे रातोंरात युवाओं के बीच की सेंसेशन बन गए। इस सफल फिल्म का निर्देशन मोहित सूरी ने किया था। अब अहान पांडे एक बार फिर मोहित सूरी के साथ एक नई रोमांटिक फिल्म पर काम करने के लिए तैयार हैं। ऐसा होता है तो 'सैयारा' के बाद एक बार फिर मोहित सूरी और अहान पांडे की जोड़ी बड़े पर्दे पर छाने के लिए तैयार है। एक रिपोर्ट के अनुसार, अहान पांडे मोहित सूरी की यश राज फिल्म्स के बैनर तले बनने वाली अगली रोमांटिक ड्रामा फिल्म में मुख्य भूमिका निभाएंगे। रिपोर्ट में बताया गया है, 'मोहित ने अपनी नई फिल्म की कहानी लिख ली थी, जो एक अधेड़ उम्र के लड़के और एक अधेड़ उम्र की लड़की पर आधारित रोमांटिक कॉमेडी है।



# कुछ नया देखना चाहते हैं दर्शक : नमित

**नई दिल्ली।** रणबीर कपूर के प्रमुख भूमिका वाली रामायण फिल्म रिलीज से पहले ही चर्चाओं में हैं। अब नमित मल्होत्रा ने रामायण की तुलना ड्यून पार्ट 3 और द ओडिसी जैसी फिल्मों से की है। 'ड्यूनः पार्ट थ्री' और 'द ओडिसी' जैसी भव्य फिल्मों का जिक्र करते हुए नमित मल्होत्रा ने कहा कि इन फिल्मों को देखते हुए सिनेमाघरों में दर्शक कुछ नया और अलग देखना चाहते हैं। उनकी सोच अब अलग-अलग तरह की कहानियों को देखने के लिए काफी खुली है। मुझे लगता है कि हम सब एक ही तरह की फिल्में काफी देख चुके हैं। लेकिन, अब सवाल यह है कि हम क्या नया ला सकते हैं? लॉस एंजिल्स में सिनेमाकॉन 2026 में बोलते हुए नमित मल्होत्रा ने फिल्म पर बात की। उन्होंने कहा कि वैश्विक दर्शक कहानियों में नयापन और रोमांच ढूंढ रहे हैं।

## टीवी मसाला




# स्टार्स सपोर्टिंग कास्ट को देखते तक नहीं, केवल अमिताभ भले

**नई दिल्ली।** एक्टर राजेश कुमार ने कई टीवी शोज, वेब सीरीज और फिल्मों में काम किया है। वो हर मुद्दे पर खुलकर अपना पक्षा रखते हैं। हाल ही में राजेश ने कहा कि फिल्मों के बड़े स्टार्स अक्सर सपोर्टिंग एक्टर्स को लेकर भेदभाव करते हैं। राजेश कुमार को पहली बार 'साराभाई वर्सेज साराभाई' से प्रसिद्धि मिली, लेकिन उस शो के बाद से दो दशकों में, वह 'बा बहू और बेबी', 'नीली छतरी वाले' जैसे शो में दिखाई दिए। 'कोटा फैक्ट्री', 'ये मेरी फैमिली' जैसी वेब सीरीज और 'सैयारा', 'निशांची', 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' जैसी कई फिल्में भी उन्होंने की हैं। एक हालिया बातचीत में राजेश कुमार ने कहा कि अगर आप किसी बड़ी फिल्म के सेट पर जाते हैं, तो किसी सीन पर होने वाली बातचीत सिर्फ 4-5 लोगों तक ही सीमित रहती है। अगर आप किसी बड़े सेट पर जाते हैं, तो सिर्फ 4-5 लोग ही हर बात पर चर्चा कर रहे होते हैं। निर्देशक, कैमरामैन, लीड एक्टर और राइटर। बाकी लोगों के अनुभव, उनकी कोई अहमियत नहीं होती। राजेश ने बताया कि उन्होंने अमिताभ बच्चन के साथ कभी काम नहीं किया, लेकिन उन्होंने सुना है कि दिग्गज एक्टर सहायक कलाकारों के साथ अपने सीन की तैयारी करना पसंद करते हैं, जबकि बाकी स्टार्स के साथ ऐसा नहीं होता। हाल ही में मैंने किसी भी लीड एक्टर को हमारे साथ प्रैक्टिस करते नहीं देखा।

## अनीता ने शेयर किया मजेदार वीडियो

**नई दिल्ली।** अनीता हसनंदानी ने मंगलवार को अपना 45वां जन्मदिन बहुत खुशी और मस्ती के साथ मनाया। अपने जन्मदिन पर अनीता ने



अपना एक खास वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इसके साथ ही एक भावुक नोट भी लिखा है। '45 साल की हो गई हूं और अभी भी भाग रही हूं। कैलोरी से और कभी-कभी अपने ही केक से। लेकिन सच कहूं तो, अगर यह केक मेरा पीछा कर रहा है तो शायद इसलिए क्योंकि जीवन इतना मीठा रहा है। मैं हर हंसी, हर सीख और हर पल के लिए बहुत आभारी हूं। अब थोड़ी ज्यादा समझदार, थोड़ी ज्यादा बिंदास और बहुत ज्यादा संतुष्ट हूं।' अनीता को उनके फैंस ने जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। एक फैन ने लिखा, 'सबसे खूबसूरत आत्मा को बहुत-बहुत मुबारकबाद।' दूसरे ने लिखा, '45 साल की उम्र कभी इतनी मजेदार नहीं लगी।' इसके अलावा कई फैंस ने उनके वीडियो की तारीफ करते हुए लिखा कि वे बहुत प्यारी और ऊर्जा से भरी हुई हैं। अनीता अभी भी टेलीविजन, रियलिटी शो और ब्रांड कामों में सक्रिय हैं। हाल ही में वे 'छोड़ियां चली गांव'रियलिटी शो में नजर आई थीं।

# इस बार वायुसेना पर बनेगी बॉर्डर 3 सनी को लेकर बड़ी प्लानिंग ...

**मुंबई।** सनी देओल और वरुण धवन स्टारर फिल्म 'बॉर्डर 2' ने 450 करोड़ वर्ल्डवाइड की सफल कमाई की और इसी के साथ जेपी फिल्म्स ने अगली फिल्म की तैयारी शुरू कर दी है। भारतीय बॉक्स ऑफिस पर करीब 329 करोड़ रुपए पार कमाई करने वाली इस फिल्म को लेकर 1997 में रिलीज पहली 'बॉर्डर' वाला क्रेज दिखा।

'बॉर्डर 3' तक लोगों में रियल-लाइफ हीरोइज्म वाले क्रेज़ को बरकरार देख प्रोड्यूसर निधि दत्ता ने एक अगली फिल्म को लेकर एक बड़ा प्लान तैयार कर लिया है। इस फिल्म की कहानी में लीड रोल में सनी देओल ही रहेंगे, जिसपर काम शुरू होने की चर्चा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, सनी देओल की 'बॉर्डर 3' साल 2027 के सबसे बड़े प्रोजेक्ट्स में से एक साबित होगी। गदर और बॉर्डर फ्रेंचाइजी फिल्मों की तुलना में इस फिल्म में सनी की देशभक्ति वाली इमेज को और बड़ा करने की प्लानिंग की जा रही है। वहीं, जेपी फिल्म्स अब भारतीय वायुसेना पर भी एक



नई फिल्म भी शुरू करने जा रहा है। खबर है कि जेपी फिल्म्स अब अपने पारंपरिक वॉर जोन से बाहर निकल कर एक बड़े बजट की फैंटेसी एडवेंचर फ्रेंचाइजी पर भी काम कर रहा है। कहा जा रहा है कि ये फिल्म बड़े स्तर की होगी। जहां एक तरफ 'बॉर्डर 3' में सनी देओल को लेकर बड़ी प्लानिंग कर ली गई है, वहीं जल्द ही वो नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायणम्' में अपने 'हनुमान'वाले किरदार से अपनी बिल्कुल अलग छवि बनाने की तैयारी में भी जुटे हैं। यकीनन ये फिल्म उनके कॅरियर का एक नया और दिलचस्प अध्याय होगा। भगवान हनुमान के किरदार में सनी देओल फिल्म के दोनों पार्ट्स में नजर आएंगे। यह प्रोजेक्ट इस स्टूडियो के लिए एक बड़ा बदलाव के तौर पर आ रहा है। कहा जा रहा है कि इस फिल्म की कहानी और राइटिंग के काम में निधि खुद शामिल हैं, जिसकी शूटिंग देश की अलग-अलग हिस्सों में होनी है। इसी के साथ खबर है कि इस प्रोजेक्ट में भी सनी एक खास कैमियो रोल में नजर आ सकते हैं। वहीं ,निधि दत्ता की बात करें तो उन्होंने 'पलटन' और 'घुड़चढ़ी' जैसी फिल्मों के जरिए अपनी पहचान बनाई। अब उनके कंधों पर 'बॉर्डर' जैसी विरासत को आगे ले जाने का मौका है। कहा जा रहा है कि जेपी फिल्म्स की ओर से 'बॉर्डर 3' की आधिकारिक कास्टिंग अनाउंस अगले कुछ महीनों में होगी।

# 'है जवानी तो इश्क होना है' का फर्स्ट लुक रिलीज, दो हसीनाओं के बीच फंसे वरुण

**मुंबई।** वरुण धवन की आगामी फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। इसमें एआई का इस्तेमाल देखने को मिला है। वरुण धवन दो-दो हसीनाओं के बीच फंसे दिख रहे हैं। बीते दिनों फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' की नई रिलीज डेट का ऐलान किया गया था। पहले जून में रिलीज होने वाली यह फिल्म अब मई के महीने में दस्तक देगी। मंगलवार को फिल्म का फर्स्ट लुक वीडियो सामने आया है। एआई किड्स पिता की जन्मतिथि 24 अप्रैल बताते हैं। बता दें कि वरुण धवन का जन्मदिन इसी दिन होता है। वीडियो में आगे वरुण धवन की एंट्री होती है। उनके किरदार का नाम जैस है। वे हाथों में जयमाला थामे झांकते दिख रहे हैं। आगे मृणाल ठाकुर की झलक देखने को मिली है, जिनके किरदार का नाम बानी है। इसके बाद पूजा हेगड़े की एंट्री होती है और उनके किरदार का नाम प्रीत है। वरुण धवन को बानी और प्रीत दोनों के साथ इश्क फरमाते दिखाया गया



है।यह फिल्म 22 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। 'है जवानी तो इश्क होना है' का निर्देशन वरुण धवन के पिता व दिग्गज निर्देशक डेविड धवन ने किया है। 'मैं तेरा हीरो' और 'जुड़वा 2' के बाद वरुण और डेविड की पिता-पुत्र की जोड़ी की ये तीसरी फिल्म है।

## पूरे वीक भरपूर रहेगा मनोरंजन का खेल

# थिएटर्स से ओटीटी तक रिलीज होंगी ये नई मूवीज-सीरीज

*नई दिल्ली। अप्रैल के तीसरे सप्ताह की शुरुआत से हो गई है। हर वीक की तरह इस बार भी मनोरंजन जगत की लेटेस्ट रिलीज पर सिनेप्रेमियों की नजरें बनी हुई हैं, जिनके जरिए उनका ये हफ्ता भी एंटरटेनमेंट से भरपूर रहेगा।*

**टोस्टर :** अभिनेता राजकुमार राव और अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा की जोड़ी हिट- द फर्स्ट केस के बाद एक बार फिर से सिनेमा जगत में वापसी करने जा रही है। इस बार ये दोनों फिल्म टोस्टर में नजर आने वाले हैं, जिसका ट्रेलर फैंस को काफी पसंद आया है। क्राइम कॉमेडी के तौर पर टोस्टर की रिलीज का हर कोई इंतजार कर रहा है। बता दें कि 15 अप्रैल को ये फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर ऑनलाइन स्ट्रीम की जाएगी।

**भूत बंगला :** सुपरस्टार अक्षय कुमार की मोस्ट अवेटेड मूवी भूत बंगला भी इस सप्ताह में सिनेमाघरों में दस्तक देगी। निर्देशक प्रियदर्शन की हॉरर कॉमेडी फिल्म 16 अप्रैल को बड़े पर्दे पर रिलीज की जाएगी। इस फिल्म में अक्षय के अलावा अभिनेता परेश रावल, वामिका गब्बी, राजपाल यादव और तब्बू जैसे कलाकार नजर आएंगे।

**मटका किंग :** लंबे समय से एक्टर विजय वर्मा की वेब सीरीज मटका किंग की चर्चा चल रही है। हाल ही में इस सीरीज का लेटेस्ट ट्रेलर रिलीज किया गया है और इसके साथ ही इसकी रिलीज डेट भी क्लियर हुई है। जिसके आधार पर 17 अप्रैल को मटका किंग ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।






**द ममी :** हॉलीवुड की बहुचर्चित फिल्म फ्रेंचाइजी द मम्मी अब नए अवतार में वापसी करने के लिए तैयार है। निर्देशक ली क्रोनिन के निर्देशन में बनने वाली द मम्मी को इस वीक 17 अप्रैल यानी शुक्रवार को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज किया जाना है।

**अस्सी :** हिंदी सिनेमा के मशहूर निर्देशक अनुभव सिन्हा और एक्ट्रेस तापसी पन्नू की कोर्ट रूम ड्रामा फिल्म अस्सी सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर दस्तक देने के लिए पूरी तरह से तैयार है। फिल्म अस्सी को 17 अप्रैल के दिन ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर ऑनलाइन स्ट्रीम किया जाएगा।

**दो दीवाने शहर में**
एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर और एक्टर सिद्धांत चतुर्वेदी की रोमांटिक पिल्म दो दीवाने शहर में भी इस वीक की अपकमिंग रिलीज की लिस्ट में शुमार है। 17 अप्रैल से ये मूवी भी ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर देखने को मिल जाएगी।

**यूफोरिया 3 :** हॉलीवुड की लेडी सुपरस्टार जैंडाया स्टारर पॉपुलर वेब सीरीज यूफोरिया अपने नए सीजन के साथ वापसी करने जा रही है। 19 अप्रैल से यूफोरिया का सीजन 3 ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर ऑनलाइन स्ट्रीम कर दिया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### विधायक सिंह ने नरियरा,बनाहिल में 30 लाख के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन



**अकलतरा।** विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह ने सोमवार को क्षेत्र के नगर पंचायत नरियरा एवं ग्राम पंचायत बनाहिल में 30 लाख रू. के विकास कार्यों का भूमिपूजन कर शुभारंभ किया। उन्होंने नगर पंचायत नरियरा के वार्ड क्रमांक-14 में विधायक निधि से स्वीकृत 10 लाख रू लागत राशि के सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया एवं नगर के ही वार्ड क्रमांक 11 एवं 12 में 10 लाख के ही लागत राशि के विधायक निधि से बनने वाले एक और सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया। साथ ही ग्राम पंचायत बनाहील के प्राथमिक शाला स्कूल के नवीन भवन का भूमिपूजन किया। कार्यक्रम मैं नगर पंचायत नरियरा अध्यक्ष प्रतिनिधि महेंद्र सहगल,उपाध्यक्ष प्रीति सत्येंद्र दुबे, सुशांत सिंह, अमित सिंह, सौरभ सिंह,हर्षवर्धन सिंह, प्रीतपाल सिंह, राघवेंद्र व्यास, बबलू दुबे, विनीत नोर्गे, दरबार महिपाल,पूर्व जिला पंचायत सदस्य रघुवीर सिंह,विश्वनाथ साहू,सभापति मनोज कुमार साहू, भवानी सिंह,रघुवीर सिंह, अशोक विश्वकर्मा,सभापति ध्रुव बरेठ, ईश्वरी, कृष,अलगू भैना,नेतराम साहू, छत्रराम साहू, किशन निर्मलकर, कृष्णा निर्मलकर, हरिशंकर नागराज,बसंत शर्मा सचिव, सरपंच अजय कुमार केवट,पंच श्यामा केवट, रुक्मणि केवट, राधिका केवट,नीतू बच्चन,सन बाई केवट, नोनी बाई केवट, गणेश राम,शाका यादव, विक्रम केवंट, व्यास केंवट उपस्थित थे।

### शारदा संगीत विद्यालय बिर्रा में मनाई गई डॉ.अम्बेडकर जयंती



**बिर्रा।** शारदा संगीत विद्यालय बिर्रा में बाबा साहब भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में के ऑर कश्यप प्राचार्य गुरुघासीदास संगीत महाविद्यालय हसौद एवं अध्यक्षता बी.एल.सागर संचालक कैरियर पॉइंट किड्स स्कूल बिर्रा रहे। के आर कश्यप ने अपने उद्बोधन में कहा कि संविधान शिल्पी बाबा साहेब अंबेडकर आज सभी युवाओं की प्रेरणा है। जिन्होंने शिक्षा को शिरोधार्य रखकर भारत रत्न जैसी उपाधि प्राप्त की। सागर ने कहा कि आज हमारे लिए बहुत गर्व की बात है कि आज हम सभी बाबा साहब अम्बेडकर की 135वीं जयंती मना रहे हैं। मनोज तिवारी ने कहा कि बाबा साहब ने अपने जीवन मे कभी शिक्षा को नहीं छोड़ा। शिक्षा के बल पर हो उन्होनें जीवन की तमाम चुनौतियों का सामना सफलता पूर्वक किया। हम सभी को बाबा साहब कृत ग्रंथों का अध्ययन अवश्य करना चाहिए। शारदा संगीत विद्यालय की होनहार छात्रा त्रिशाला महंत एवं दक्ष कश्यप का जन्मदिन भी बनाया गया। कार्यक्रम का संचालन मनोज तिवारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर कृष्णोलाल साहू , प्रवीण तिवारी ,त्रिशाला महंत, भूपेंद्र कश्यप,रतिराम पटेल , देवेंद्र पटेल,शुष्मिता पटेल ,गरिमा सागर , पौरुषी सागर ,रेशमलाल कश्यप दक्ष कश्यप आदि उपस्थित रहे। उक्ताशय की जानकारी संगीत विद्यालय के व्यवस्थापक मनोज तिवारी द्वारा दी गई।

### सेवानिवृत्त व्याख्याता एवं प्रधान पाठक ने लिया भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ की आजीवन सदस्यता

**चांपा।** पेंशनर एवं परिवार पेंशनर की सेवा में सक्रिय रूप से कार्यरत भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के रीति नीति से प्रभावित होकर विगत दिवस शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कदरी के सेवानिवृत्त व्याख्याता बद्री नारायण कंवर एवम शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कदरी के सेवानिवृत्त प्रधान पाठक महा सिंह कंवर ने भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ की आजीवन सदस्यता ग्रहण किया। महासंघ के नियमानुसार बद्री नारायण कंवर एवम महा सिंह कंवर ने भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ जिला शाखा जांजगीर चांपा के संरक्षक डॉ जी पी दुबे को आजीवन सदस्यता हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। तत्पश्चात भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के अध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव जी के अनुशंसा पर जिला शाखा जांजगीर चांपा के अध्यक्ष परमेश्वर स्वर्णकार ने उन्हें विधिवत सदस्यता प्रदान किया। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ की आजीवन सदस्यता ग्रहण करने पर जिला शाखा जांजगीर चांपा के उपाध्यक्ष मनहरण सिंह राजपूत द्वारा संगठन बैज लगाकर स्वागत किया गया।भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के आजीवन सदस्य छोटे लाल देवांगन,सनत कुमार रजक ,देव कुमार देवांगन द्वारा शाल , श्रीफल भेंटकर एवम पुष्पहार पहनाकर सम्मानितकिया गया। इस अवसर पर जून 2024 में सेवानिवृत्त हुए उच्च वर्ग शिक्षक दिनेश कुमार शर्मा का भी सम्मान किया गया। बद्री नारायण कंवर एवं महा सिंह कंवर के द्वारा भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ की आजीवन सदस्यता ग्रहण करने पर जिला शाखा जांजगीर के उपाध्यक्ष ए आर घृत लहरे,सचिव सनत सिंह राठौर, कोषाध्यक्ष हेमंत कुमार सोनी,संगठन सचिव राम सेवक सोनी,वरिष्ठ पेंशनर सारधा राम डडसेना,एस सी शुक्ला,आर के राठौर,नैन सिंह क्षत्रिय,अरुण तिवारी,बी आर राठौर,राजेन्द्र कुमार कश्यप,मूलचंद देवांगन,नरेंद्र कुमार कर्ष,अशोक कुमार कमल,शेख मोहम्मद अफाक,प्रभाकर देवांगन आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान किया।

## जरूरी काम छोड़कर सुबह से शाम तक लाइन में लगने की मजबूरी

# राशन दुकानों में चावल लेने के लिए मशक्कत कर रहे हैं कार्ड धारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सरकारी एवं समूह की राशन दुकानों में चावल सहित अन्य सामग्री लेने के लिए कार्ड धारी की भारी भीड़ देखी जा रही है खास बात यह है कि अप्रैल में एक साथ तीन महीने का राशन दिया जा रहा है।

गौरतलब है कि शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में इस समय राशन कार्ड धारी लोग पीडीएस का चावल लेने के लिए कड़ी मशक्कत कर रहे हैं। खास बात यह है कि अप्रैल महीने में 3 महीने का राशन एक साथ दिया जा रहा है। जिसके कारण कार्ड धारी की लंबी लाइन सुबह से शाम तक देखी जा रही है। एक तरफ अप्रैल के महीने में तेज गर्मी ने शुरुआत कर दी है जहां सुबह 10 बजे के बाद शाम 5 बजे तक लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो जा रहा है वही लोग अभी राशन लेने के लिए सुबह से शाम तक लाइन में लगे नजर आ रहे हैं। जिला मुख्यालय जांजगीर के बाजार पर तिवारी बाल उद्यान जांजगीर नैला रोड में राशन सामग्री दिया जा रहा है। इसी प्रकार चांपा अकलतरा बलौदा नवागढ़ पामगढ़ शिवरीनारायण खरौद समेत ग्रामीण क्षेत्रों में भी राशन लेने के लिए लोग मशक्कत कर रहे हैं प्रदेश के साथ-साथ जांजगीर-चांपा जिले में भी 3 महीने का चावल शक्कर एवं नमक एक साथ दिया जा रहा है जिसके चलते दुकानों में भारी भीड़ देखी जा रही है। राशन लेने के लिए कार्ड धारी को पहले जहां 35 किलो चावल लेने दो बार फिंगरप्रिंट देना पड़ता था वह अब बढ़कर 105 किलो चावल पानी छह बार फिंगरप्रिंट अंगूठे का देना पड़ जा रहा है ऐसे में एक निश्चित समय एवं एक निश्चित संख्या में संबंधित संचालक कार्ड धारी से कार्ड जमा ले रहे हैं साथ ही जो कई लोग राशन लेने के लिए पहुंच रहे हैं उन्हें अगले दिन आने का हवाला देकर बाहर भी भेज दिया जा रहा है इस तरह की समस्या अधिकांश पीडीएस दुकानों में देखने को मिल रही है जिसके कारण कार्ड धारी राशन लेने के लिए तीन से पांच दिनों तक का इंतजार कर रहे हैं



चावल पाने पीडीएस दुकान पहुंचे कार्डधारी।

### भंडार केन्द्रों से चांवल करना रहता है खाली

मार्च का महीना वित्तीय वर्ष का अंतिम माह रहता है। वहीं अप्रैल महीने से नया वित्तीय वर्ष प्रारंभ हो जाता है। ऐसे में परेशानी तो कार्डधारियों को परेशानी होती है। अप्रैल महीने में तीन महीने का चॉवल एक साथ दिया जा रहा है। जिसके चलते ग्राहकों की भीड पीडीएस दुकानों में देखी जा रही है। इधर कार्ड धारी की इन समस्याओं से जिम्मेदार विभाग के अवसर एवं पीडीएस दुकान संचालकों को कोई सरोकार तक नहीं है जिसके चलते ग्राहकों की दिक्कतें बढ़ गई है। जानकारों की माने तो मार्च एवं अप्रैल का महीना वित्तीय वर्ष का माना जाता है। जिसके आधार पर चावल भंडार केंद्र से चावल भी खाली करना रहता है उसके बाद अप्रैल से वित्तीय वर्ष प्रारंभ हो जाता है जिसे देखते हुए राज्य शासन स्तर पर इस तरह का निर्णय लिया जाता है लेकिन परेशानी तो आम लोगों को ही होती है। चावल लेने के लिए महिलाए, बुजुर्ग एवं बड़ी संख्या में दुकान पहुंच रहे है। सबसे बडी परेशानी राशन लेने के लिए बुजुर्गो को हो रही है। उनके फिंगरप्रिंट पीओएस मशीन में मैच नहीं होता है। जिसके कारण कडी धूप में बुजुर्गो को घर लौटना पड़ रहा है।

### दिए हैं निर्देश

शासन के आदेश के अनुसार कार्ड धारी को 3 महीने का चावल एक साथ दिया जा रहा है। ग्राहकों को किसी तरह की परेशानी ना हो इसे लेकर संचालकों को दिशा निर्देश जारी किया गया है।

**-संदीप पांडे,**
सहायक खाद्य अधिकारी
जांजगीर चांपा



प्रमाण पत्र के साथ महिलाएं।

## 34 दिन रेशम हाथ करघा बुनकर प्रशिक्षण के बाद दिया गया प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

■ प्रधानमंत्री समर्थ रेशम बोर्ड वस्त्र मंत्रालय द्वारा दिया गया प्रशिक्षण

ग्राम सिवनी में महिलाओं को 34 दिन का रेशम हाथकरघा बुनकर प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही प्रमाण पत्र का वितरण किया गया।

ज्ञात हो कि सिवनी गाँव में प्रधानमंत्री समर्थ योजना के तहत केंद्रीय रेशम बोर्ड वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार बैंगलोर के मार्गदर्शन में 270 घंटे यानि 34 दिन प्रशिक्षण के पश्चात समाजसेवी डॉ सुरेश कुमार देवांगन के हाथों प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इस मौके पर यूनिसेफ़ के जिला समन्वयक नरेंद्र कौशिक,क़ृषि विज्ञान केंद्र के कीट वैज्ञानिक डॉ रंजीत मोदी, वैज्ञानिक डॉ आशुलता, केंद्रीय रेशम बोर्ड तसर अनुसंधान केंद्र सिवनी के अधिकारी अरविन्द शर्मा, राजेन्द्र पुरोहित, कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह के संचालक दीनदयाल यादव, प्रशिक्षण कार्यक्रम के मास्टर ट्रेनर रामाधार देवांगन, असिस्टेंट ट्रेनर चमरा राम देवांगन, हेमंत देवांगन, पार्वती देवांगन, रुखमणि पाण्डेय, गौरी नामदेव, रश्मि बरेठ, उषा यादव, पुष्पा महंत, बद्रीका यादव, धन कुंवर बरेठ, अंजनी यादव, दुर्गा बरेठ, सीमा महंत, शिवकुमारी, सुलोचनी महंत, कविता बरेठ, सरिता बरेठ, सजनी बरेठ, रानू जायसवाल, नित्रिका यादव, कुसुम विश्वकर्मा, बसंती नामदेव, सहोदरी बरेठ, भगवती बरेठ, अंजू बरेठ, कमला श्रीवास, रामकुमारी, उर्मिला, कृष्णा, मालती, पूर्णिमा, दिनेश्वरी, माहेश्वरी, सुकांति, रानू, दुर्गा, अनुसूय्या, रजनी, संतोषी, चन्द्रिका आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## परशुराम जन्मोत्सव को लेकर ब्राम्हण समाज की बैठक में तैयार की गई रूपरेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

भगवान परशुराम जन्मोत्सव 20 अप्रैल को धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। जिसके तैयारी को लेकर बैठक में रूपरेखा तैयार की गई।ज

ज्ञात हो कि शोभायात्रा दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर जांजगीर (पुलिस कंट्रोल रूम के सामने) से पैदल शोभा यात्रा के रूप मे कचहरी चौक एवं नेताजी चौक होते हुए परशुराम चौक रेलवे स्टेशन नैला में भगवान श्री परशुराम की मूर्ति के पूजन अर्चन के बाद समाप्त होगी। शोभा यात्रा की समाप्ति के उपरांत नैला मारवाड़ी धर्मशाला में सभी श्रद्धालुओं के लिए भोज की व्यवस्था की जाएगी। रैली शाम 5 बजे शोभायात्रा में सभी विप्र जन के परिवार के महिला पुरुष एवं बच्चे शामिल रहेंगे। शोभायात्रा में सबसे प्रारंभ में डमरू और शंख के साथ स्वस्ति वाचन एवं श्लोक के साथ विप्र जन पूरी शोभायात्रा में सामने चलेंगे। उसके पीछे ब्राह्मण नारी नव चेतना मंच द्वारा आयोजित उपनयन संस्कार में शामिल सभी बटुक अपनी पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होंगे। रैली में शोभायात्रा के आगे करमा का नृत्य दल रहेगा। और कीर्तन की



व्यवस्था की जाएगी। कर्मा नृत्य दल के पीछे में डीजे की व्यवस्था होगी जिसके पीछे भजन कीर्तन ,नृत्य करते हुए बालिकाओं ,महिलाओं का दल रहेगा। डीजे के पीछे भगवान परशुराम की प्रतिकृति के साथ सुसज्जित रथ रहेगी, जिसमें दोनों तरफ प्रकाश की व्यवस्था रहेगी । भगवान परशुराम जी की प्रतिकृति वाली रथ के पीछे में एक दूसरा डीजे रहेगा। इसके पीछे युवाओं का दल भरपूर उमंग के साथ नृत्य करता हुआ शामिल होगा। रैली में ड्रोन कैमरा वीडियो व वीडियोग्राफी की व्यवस्था की जाएगी। सभी विप्रजन 20 अप्रैल सोमवार को अपने अपने घर के बाहर दिया जलाएं।

### शासकीय उचित मूल्य दुकान के संचालन के लिए 20 तक आवेदन

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के प्रावधानों के तहत अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जांजगीर ने विकासखंड बलौदा के ग्राम पंचायत लछनपुर एवं बिरगहनी (च) में शासकीय उचित मूल्य की दुकान के आबंटन के लिए 20 अप्रैल तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। ग्राम लछनपुर एवं बिरगहनी (च) के समस्त स्व सहायता समूह, सेवा सहकारी समिति आदि से शासकीय उचित मूल्य दुकान प्राप्त करने हेतु इच्छुक संस्था, समूह निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र के साथ-साथ संलग्न के रूप में संस्था, समूह का पंजीयन प्रमाण पत्र वर्तमान माह से विगत एक वर्ष तक के बैंक खाता स्टेटमेंट की छायाप्रति, संस्था व समूह की बाइ लॉ की छायाप्रति के साथ 20 अप्रैल शाम 5 बजे तक आवेदन पत्र इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है।

## क्षेत्रीय विकास से जुडे मुद्दों पर पूर्व कलेक्टर ने जनप्रतनिधियों से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

राज्य सरकार के पूर्व वरिष्ठ सचिव एवं जिले के पूर्व कलेक्टर बृजेश मिश्रा ने क्षेत्रीय विकास से जुड़े मुद्दों पर जनप्रतिनिधियों से चर्चा करने के साथ मंदिरों में पहुंचकर भगवान की पूजा अर्चना की।

ज्ञात हो कि अपने प्रवास के दौरान ब्रजेशचंद्र मिश्रा ने क्षेत्र के विभिन्न प्रमुख देवालयों में पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की तथा जिले एवं प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति और प्रगति के लिए प्रार्थना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उनके इस आध्यात्मिक जुड़ाव को स्थानीय लोगों ने सराहा। प्रवास के दौरान उन्होंने वर्तमान कलेक्टर जन्मेजय महोबे सहित जिले के जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों एवं गणमान्य नागरिकों तथा सेवानिवृत्त



कलेक्टर एवं जनप्रतिनिधियों से मुलाकात करते पूर्व कलेक्टर ब्रजेशचंद्र मिश्रा।

हो चुके पुराने अधिकारीयों कर्मचारियों से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान विभिन्न समसामयिक विषयों, प्रशासनिक कार्यप्रणाली एवं क्षेत्रीय विकास से जुड़े मुद्दों पर सार्थक एवं सकारात्मक चर्चा हुई। श्री मिश्रा ने विकास कार्यों में समन्वय, पारदर्शिता एवं जनसहभागिता के महत्व पर विशेष जोर दिया। उन्होंने युवाओं को शिक्षा, अनुशासन एवं सकारात्मक सोच के माध्यम से समाज निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने भी अपने विचार साझा किए और क्षेत्र के विकास से जुड़े सुझाव रखे। मुलाकात के दौरान कलेक्टर , जन्मेजय महोबे एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिनेश शर्मा, राघवेन्द्र पाण्डेय सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## लक्ष्मेश्वर महाविद्यालय ने फिर लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरौद

शासकीय लक्ष्मेश्वर स्नातकोत्तर महाविद्यालय ने एक बार फिर शैक्षणिक उत्कृष्टता का शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय स्तर पर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है। महाविद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं ने विभिन्न विषयों में विश्वविघालय के टॉप टेन पर स्थान प्राप्त कर संस्थान का नाम गौरवान्वित किया है।

एम.ए. समाजशास्त्र चतुर्थ सेमेस्टर में किरण आदित्य ने प्रथम स्थान प्राप्त कर उत्कृष्टता की मिसाल पेश की, वहीं मनीषा पटेल ने द्वितीय स्थान हासिल किया। संजना साहू ने छठवां स्थान प्राप्त किया, जबकि लक्ष्मण साहू एवं लक्ष्मी आदित्य ने संयुक्त रूप से नवां स्थान अर्जित कर महाविद्यालय को गौरवांवित किया। इसी प्रकार एम.ए. समाजशास्त्र वार्षिक परीक्षा की प्रावीण्य सूची में प्रिया मिश्रा ने छठवां तथा प्रिया कश्यप ने दसवां स्थान प्राप्त किया। एम.ए. अर्थशास्त्र चतुर्थ सेमेस्टर में परमेश्वरी ने पांचवां एवं उर्मिला ने आठवां स्थान अर्जित कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। एम.ए. संस्कृत चतुर्थ सेमेस्टर में महेश्वरी ने नवां स्थान प्राप्त किया, वहीं बी.कॉम. में आर्यन गुप्ता ने चौथा स्थान हासिल कर महाविद्यालय का मान बढ़ाया।इन सभी प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं की इस उपलब्धि ने न केवल महाविद्यालय, बल्कि संपूर्ण खरौद क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ जी.सी.भारद्वाज ने छात्रों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्होने इस सफलता का श्रेय छात्रों की कड़ी मेहनत व प्राध्यापकों की मार्गदर्शन को दिया उन्होने छात्रों को और अधिक मेहनत कर राष्ट्र के प्रबंधन एवं प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

## शासकीय नवीन महाविद्यालय हसौद के 6 छात्रों ने रचा इतिहास, यूनिवर्सिटी मेरिट सूची में बनाई जगह

**हसौद।** शहीद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ द्वारा सत्र 2024-25 के परीक्षा परिणामों की मेरिट सूची जारी कर दी गई है, जिसमें शासकीय नवीन महाविद्यालय हसौद के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपना परचम लहराया है। महाविद्यालय के कुल 6 विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में मेरिट सूची में स्थान हासिल कर अपने महाविद्यालय और हसौद क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। एमए हिंदी चतुर्थ सेमेस्टर में महाविद्यालय के छात्र लीकेश भार्गवा ने पूरे विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर शानदार उपलब्धि हासिल की है। वहीं इसी विषय में ज्योति ने छठवां स्थान अर्जित कर अपनी प्रतिभा का



परिचय दिया है। इसी क्रम में एमए इंग्लिश चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा निधि नारंग ने विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर नवीन महाविद्यालय हसौद को एक और बड़ी सफलता दिलाई है। वहीं शकुंतला कुमारी ने इस विषय में छठवां स्थान हासिल किया है। विज्ञान संकाय में भी छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। एमएससी भौतिक शास्त्र चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र सुनील कुमार ने सातवां स्थान प्राप्त किया, जबकि एमएससी रसायन शास्त्र चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा दुर्गेश्वरी साहू ने दसवां स्थान किया हैं। इस उल्लेखनीय सफलता पर शासकीय नवीन महाविद्यालय हसौद के प्राचार्य आर.पी. उपाध्याय ने बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने अन्य विद्यार्थियों को भी इसी तरह उत्कृष्ट परिणाम लाने के लिए प्रेरित किया और नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन एवं लक्ष्य के प्रति समर्पण रखने की सलाह दी।

## ग्राम खोखरी में गांव चलो, घर चलो अभियान के तहत किया जनसंपर्क

# ग्रामीणों को दी गई केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ तनौद

गांव चलो, घर चलो अभियान के अंतर्गत पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण मंडल कोडाभाट (खरौद) के ग्राम पंचायत खोखरी में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा जिला सहप्रभारी राजेंद्र वैष्णवों ने गांव पहुंचकर कार्यकर्ताओं के साथ जनसंपर्क किया।

इस दौरान ग्रामीणों से आत्मीय संवाद स्थापित करते हुए केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्वला योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, कृषि भूमिहीन मजदूर योजना, नल-जल योजना एवं मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजना सहित अन्य योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को अवगत कराया गया। साथ ही योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों से मुलाकात कर उनके अनुभव भी साझा किए गए । ग्रामीणजनों ने इन योजनाओं से प्राप्त लाभ पर संतोष व्यक्त करते हुए केन्द्र की भारतीय जनता पार्टी की नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार एवं राज्य की विष्णु देव साय सरकार के प्रति आभार प्रकट किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेन्द्र वैष्णव जिला संगठन सहप्रभारी एवं अम्बेश जांगड़े भाजपा जिला अध्यक्ष के आतिथ्य एवं मार्गदर्शन में शिवेन्द्र प्रताप सिंह अध्यक्ष मंडल कोड़भाट खरौद की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित रितेश सिंह जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा, श्रीमती रजनी साहू जनपद सदस्य एवं मंडल मंत्री, श्रीमती नीता कुर्रे सरपंच खोखरी, सीताराम उजीर मंडल कार्यालय मंत्री, दीपक साहू जनपद सदस्य प्रतिनिधि, तेरस कुर्रे सरपंच प्रतिनिधि, सुखनंदन देवांगन मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा, प्रखर यादव मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा, विजय यादव महामंत्री अ.पि.व. मोर्चा, दुर्गा साहू सहित कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते अतिथि।

